भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2872

**दिनांक 18 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**बीफ और वस्त्रों का निर्यात**

**2872. श्री दीपक अधिकारी (देव) :**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान बीफ और परिधान निर्यात का मात्रा संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान बीफ और परिधानों के निर्यात करने वाले शीर्ष पांच देश कौन से हैं?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) और (ख): भारत की विदेश व्यापार नीति के अनुसार, बीफ का निर्यात, जिसमें गाय, बैल और बछड़ों के मांस और खाद्य अंग शामिल हैं, प्रतिबंधित है। पिछले पांच वर्षों के लिए वस्त्र निर्यात के मूल्य और शीर्ष पांच निर्यात गंतव्यों का विवरण निम्नवत है:

**<u>भारत का वस्त्र निर्यात</u>**

| **वर्ष** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| **मूल्य बिलियन अमेरिकी डॉलर में** | 15.47 | 12.26 | 16 | 16.18 | 14.52 |
| स्रोत: डीजीसीआईएस | | | | | |

**<u>वस्त्र के लिए भारत के शीर्ष निर्यात गंतव्य</u>**

| **रैंक** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएसए | यूएसए | यूएसए | यूएसए | यूएसए |
| 2 | यूएई | यूएई | यूएई | यूके | यूके |
| 3 | यूके | यूके | यूके | यूएई | यूएई |
| 4 | जर्मनी | जर्मनी | जर्मनी | जर्मनी | जर्मनी |
| 5 | स्पेन | फ्रांस | फ्रांस | फ्रांस | फ्रांस |
| स्रोत: डीजीसीआईएस | | | | | |

*****